तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 28 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

बच्चियों की सुरक्षा के लिए जरूरी है जागरूकता और सतर्कता : अग्रवाल

4



## खबर संक्षेप

### सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक 30 को

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में 30 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनाः चतुर्थ चयन सूची जारी

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चतुर्थ काउंसलिंग में प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट क्रम में चयन सूची जारी कर दी गई है। चयन सूची विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को 30 अक्टूबर तक संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। विद्यार्थियों के चयनित प्रयास आवासीय विद्यालयों में संस्था परिवर्तन नही किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय कलेक्टर जांजगीर-चांपा से संपर्क किया जा सकता है।

### 2 दिनों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए किसानों को दी जा रही सलाह

**जांजगीर-चांपा।** भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त चक्रवात पूर्वानुमान के आधार पर आगामी 28 एवं 29 अक्टूबर को भारी वर्षा होने की संभावना है। बारिश की इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को चक्रवात के प्रभाव से खरीफ फसलों की सुरक्षा एवं हानि की संभावना को कम करने हेतु कृषि परामर्श जारी किया गया है। उप संचालक कृषि राकेश शर्मा ने बताया कि धान, दलहन एवं तिलहन की खड़ी फसल पकने की अवस्था में होने पर आगामी दो से चार दिनों तक कटाई स्थगित रखने की सलाह दी गई है। कटाई कर चुके किसान फसल को शीघ्र सुरक्षित एवं ऊंचे स्थान पर रखें। खेतों में अतिरिक्त वर्षा जल की निकासी के लिए नालियों की समुचित व्यवस्था करें तथा फसलों में कीट एवं रोगों की नियमित निगरानी करें।

### भाटापारा में दशहरा मेला आज, सीजी स्टार सुनील देंगे रंगारंग प्रस्तुति

**मालखरौदा।** मालखरौदा ब्लाक अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत छपोरा के भाटापारा में 28 अक्टूबर को दशहरा मेला का आयोजन किया गया है। साथ ही इस अवसर पर सीजी स्टार सुनील सोनी के कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए ग्राम पंचायत द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं। साथ ही अधिक से अधिक ग्रामीणों से इस कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

### जिले की 66 ग्राम पंचायतों में घर-घर कचरा संग्रहण प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिले में ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ एवं कचरा मुक्त बनाने के लिए घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार पोयाम के मार्गदर्शन में जिले की चयनित 66 प्राथमिकता वाली ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में नवागढ़ विकासखंड की 20, अकलतरा की 12, बम्हनीडीह की 12, बलौदा की 12 तथा पामगढ़ विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। अभियान के तहत घरों से चार प्रकार के कचरे के पृथक संग्रहण पर किया जा रहा है। इनमें प्लास्टिक अपशिष्ट, सैनिटरी अपशिष्ट, ई-वेस्ट तथा गीला कचरा शामिल हैं।


भनक लगते ही पोर्टल से गायब हुआ मैप, कागजी प्रगति की होड़ में कहीं जमीन बनी बिंदु तो कहीं खिंची सिर्फ लकीर


# डिजिटल सर्वे में ऐसी लापरवाही, किसानों का खेत नक्शे में पहुंचा अटलांटिक महासागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में भूमि और फसल के डिजिटल सर्वे के नाम पर पीवी ऐप के जरिए कराए गए काम में भारी फर्जीवाड़ा और प्रशासनिक लापरवाही का चौंकाने वाला मामला सामने आया है।

कागजों में प्रगति दिखाने की होड़ में पीवी ऐप में गलत तरीके से किए गए सर्वे के कारण जांजगीर जिले के किसानों की जमीन का पॉलीगॉन नक्शा भारत की सीमा लांघकर सीधे अटलांटिक महासागर तक पहुंच गया। इसके अलावा कई किसानों के पूरे खेत नक्शे में सिमटकर महज एक बिंदु और लकीर बनकर रह गए। सबसे बड़ी बात यह है इसकी भनक लगी तो गलती सुधारने के बजाय पोर्टल से ही पॉलीगॉन मैप गायब कर दिया गया। गौरतला भाई की पटवारी की हड़ताल के चलते डिजिटल सर्वे के साथ पीएफ का काम भी निजी सर्वरों से कराया जा रहा है इस दौरानऑनलाइन पोर्टल में दर्ज पॉलीगॉन मैप के आंकड़े प्रशासनिक मॉनिटरिंग की पूरी पोल खोल रहे हैं। जिले के कई किसानों की जमीन का पॉलीगॉन नक्शा छत्तीसगढ़ से शुरू होकर महाराष्ट्र, अरब सागर और पूरे अफ्रीका महाद्वीप को पार करते हुए सीधे अटलांटिक महासागर तक खींच दिया गया है। कई मामलों में खेतों का वास्तविक आकार ही गायब कर दिया गया। नक्शे में कई किसानों की जमीन एक सूक्ष्म बिंदु के रूप में दर्ज हो गई है, जबकि कई किसानों के खेतों को चतुर्भुज आकार देने के बजाय महज एक सीधी लकीर बना दिया गया है। बिना भौतिक सत्यापन के आनन-फानन में किए गए इस काम में किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि को ऐप में गलत तरीके से आवासीय श्रेणी में डाल दिया गया है, जिससे भविष्य में धान खरीदी, गिरदावरी, फसल बीमा और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में किसानों के सामने संकट खड़ा हो गया है। बताया जाता है कि पहले पोर्टल पर पॉलीगॉन का नक्शा साफ दिखाई दे रहा था, लेकिन जैसे ही त्रुटियों के स्क्रीनशॉट बाहर आने लगे, विभाग में हड़कंप मच गया। अपनी नाकामी छिपाने के लिए अमले ने पोर्टल से पॉलीगॉन मैप दिखने वाले विकल्प को ही हटा दिया।





बेबसाइट का पालीग्राफ मैप व दर्ज किसानों की जानकारी

### टारगेट पूरा करने की हड़बड़ी में गड़बड़ी

इस पूरे फर्जीवाड़े के पीछे सर्वेयरों से ज्यादा अधिकारियों का दबाव जिम्मेदार बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार अधिकारियों द्वारा सर्वेयरों को कहा गया कि पीवी ऐप में काम करने पर प्रति सर्वे 10 रुपये की राशि मिलेगी। एक ओर 10 रुपये का प्रलोभन दिया गया तो दूसरी ओर उच्चाधिकारियों द्वारा रोज लक्ष्य पूरा करने का भारी दबाव बनाया गया। इसके चलते सर्वेयरों को बिना पर्याप्त प्रशिक्षण के जैसे-तैसे आंकड़े भरने के लिए मजबूर किया गया। इसी दबाव और जल्दबाजी का नतीजा है कि नक्शा ट्रेसिंग में इतनी बड़ी त्रुटियां हुईं।

### सर्वे में कई खामियां

डिजिटल क्रॉप सर्वे में कई तरह की गड़बड़ी सामने आ रही है। प्रगति दिखाने की होड़ में गलत तरीके से सर्वे हो रहा है। विभागीय वेबसाइट में जिले के कई किसानों की जमीन का पॉलिगान नक्शा अटलांटिक महासागर पहुंच गया है। गलती को छिपाने के लिए बाद में वेबसाइट में इसे हटा दिया गया।

-धर्मेन्द्र यादव,
जिला अध्यक्ष राजस्व पटवारी संघ

### ऑफीशियली वेबसाइट में कोई त्रुटि नहीं

जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे का काम पूर्णता की ओर है। सर्वे के बाद ऑफीशियली वेबसाइट पर जो जानकारी अपलोड की गई है, उसमें कहीं कोई त्रुटि नहीं है।

- डॉ स्निग्धा तिवारी
एडिशनल कलेक्टर जांजगीर चांपा

# नकली नोट मामले में दो पर एफआईआर आरोपियों को थाने से कैसे छोड़ा, होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद में नकली नोट खपाने के प्रयास करने के मामले में आखिरकार पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। खास बात यह है कि चार दिन पहले हुए इस मामले में व्यवसायी व ग्रामीणों ने दो युवकों को जाली नोट के साथ पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। बावजूद इसके हसौद पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की। ऐसे में पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में भी जांच के निर्देश दिए है।

गौरतलब है कि हसौद के बजरंग चौक स्थित एक डेलीनीड्स दुकान में नकली नोट चलाने की कोशिश कर रहे दो युवकों को स्थानीय युवकों ने धर दबोचा और हसौद पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवकों ने पूछताछ में खुद को जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कोसीर कहरापारा निवासी बताया। दोनों युवक होंडा एक्टिवा से हसौद पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तलाशी के दौरान एक युवक की जेब से 500 रुपये के दो और 100 रुपये का एक कुल 1100 रुपये के नकली नोट मिलने का दावा किया गया। खास बात यह है कि व्यवसायी व ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार 23 अक्टूबर की रात में ही दोनों आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द करके घटना की पूरी जानकारी दी गई थी, लेकिन पुलिस ने किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की। ऐसे में ग्रामीणों द्वारा तैयार किया गया मौके का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। तत्संबंध में हरिभूमि द्वारा मंगलवार 27 अक्टूबर के अंक में 'नकली नोट के संदेह में दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस ने छोड़ा' शीर्षक से समाचार प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया। समाचार में पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज से भी चर्चा की। जिस पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की बात कही। इधर समाचार प्रकाशन के साथ ही पुलिस का अमला हरकत में आया। हसौद पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ धारा 179, 180 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया। वहीं कार्रवाई में लापरवाही व आरोपियों को छोडने के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी चंद्रपुर को जांच करके दो दिनों के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है।

### दर्ज किए है एफआईआर

नकली नोट मामले में हसौद थाने में दो युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई में जो लापरवाही हुई है, उसकी जांच कर चंद्रपुर एसडीओपी को दो दिनों के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है।

-पंकज पटेल,
एडीशनल एसपी सक्ती

### जागा विभागीय अमला...




**जांजगीर-चांपा।** पेण्ड्री से जिला पंचायत चौक तक चौड़ीकरण कार्य को लेकर सिंगल सड़क के दोनों ओर खतरनाक गड्ढा करने संबंधित समाचार हरिभूमि में प्रमुखता के साथ प्रकाशित करने के उपरांत पीएमजीएसवाय का अमला नींद से जागा। सुरक्षा के मद्देनजर बोर्ड लगाए गए। अफसर भी मौके का मुआयना करते नजर आए।

# हाथ में चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सार्वजनिक जगह पर चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमकाकर भय पैदा करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक नग लोहे का छुरा जब्त किया गया है। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. युलैण्डन यार्क एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अकलतरा डॉ. मेखलेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्र में आपराधिक किस्म के व्यक्तियों पर लगातार निगरानी रखकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। मंगलवार 27 अक्टूबर को सूचना मिली कि मुलमुला निवासी चंद्रकांत नवरंगे नामक व्यक्ति मुलमुला नरियरा रोड में हनुमान मंदिर के सामने आम रोड पर अपने हाथ में नंगी छुरा रखकर, छुरा को लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमकाकर भय कारित कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक नग लोहे का छुरा बरामद हुआ, जिसे विधिवत जब्त किया गया। पुलिस ने मुलमुला निवासी चन्द्रकांत नवरंगे

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक शिवानंद सिंह थाना प्रभारी मुलमुला, प्रशिक्षु उनि रितेश परमा, सउनि नजीर हुसैन, आर. सनोहर जगत, राजेश कश्यप का सराहनीय योगदान रहा।

### बाढ़ आपदा से बचाव एवं राहत कार्यों के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर जारी

**सक्ती।** अर्नब साइक्लोन के प्रभाव से जिले में 28 और 29 अक्टूबर को वर्षा की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की सुविधा एवं आपदा की स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तरीय बाढ़ एवं आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 07752-299304 जारी किया गया है। नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे क्रियाशील रखा जाएगा। जिले में संभावित बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव तथा राहत कार्यों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क एवं मुस्तैद रहने की बात कही है।

# पारिवारिक विवाद और प्रताड़ना से परेशान युवक ने दी जान, सुसाइड नोट बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

पारिवारिक विवाद और प्रताडना से तंग आकर युवक ने जान दे दी। पुलिस ने मामले में सुसाइड नोट भी बरामद किया है। मामला अकलतरा नगर के संचाई कालोनी का है।

नगर की सिंचाई कॉलोनी निवासी होमेश्वर सिंह राठौर उर्फ अन्नू की सोमवार 26 अक्टूबर की शाम निर्माणाधीन व्यवहार न्यायालय भवन परिसर में फांसी पर लटकी लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक एक चिकित्सक के यहां कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। घटना के बाद मौके से सुसाइड नोट और थाना प्रभारी के नाम लिखा एक आवेदन मिलने की जानकारी सामने आई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवक पारिवारिक विवाद और

**खास बात**

- अकलतरा नगर के सिंचाई कालोनी का मामला, जांच में जुटी पुलिस

परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को होमेश्वर और उसकी पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद पत्नी ने अपने पिता शिवानंद राठौर, निवासी जांजगीर, को फोन कर अकलतरा बुलाया। आरोप है कि अकलतरा पहुंचने के बाद शिवानंद राठौर अपनी बेटी को साथ ले गए तथा होमेश्वर, उसके माता-पिता और दोनों बहनोई को दहेज प्रताड़ना के मामले में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। ये आरोप परिजनों की ओर से लगाए गए हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि होना शेष है। होमेश्वर के पिता देवी सिंह राठौर को ब्रेन हेमरेज हो गया। उन्हें उपचार के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार को अस्पताल से लौटने के बाद होमेश्वर कथित तौर पर ससुर की धमकियों को लेकर शिकायत दर्ज कराने अकलतरा थाने पहुंचा था। परिजनों का आरोप है कि उसने थाना प्रभारी के नाम आवेदन देकर अपनी परेशानी बताने की कोशिश की, लेकिन उसका आवेदन स्वीकार नहीं किया गया। पूरे मामले में पुलिस की जांच और आधिकारिक पक्ष सामने आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### राज्य स्थापना दिवस : कार्यक्रम में सांसद होंगी मुख्य अतिथि



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के स्थापना दिवस के अवसर पर 2 नवंबर को एक दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय के समीप स्थित मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े होंगी। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों व विभागीय प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर सक्ती जिले में जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा तैयारियां की जा रही है।

# ऑपरेशन बॉज में पुलिस की कार्रवाई, 7 फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन बॉज के तहत सक्ती पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अलग-अलग थानों की पुलिस टीम ने कुल 7 फरार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया। सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उन्हें जेल दाखिल करा दिया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती भुवनेश्वरी पैकरा के मार्गदर्शन में जिले के प्रत्येक थाना स्तर पर फरार वारंटियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 27 अक्टूबर को यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने नरेन्द्र केशरवानी पिता स्व. महेन्द्र केशरवानी, साकिन बजरंग चौक राताखार कोरबा, इच्छा राम पिता पुनीराम बंजारे, साकिन चरौदी थाना मालखरौदा। माखन साहू पिता महेत्तर साहू, निवासी शीतलपुर थाना सरसिवा जिला बलौदा बाजार, थाना जैजैपुर से गिरफ्तार -रवि कुमार चंद्रा पिता बाबूलाल चंद्रा, बाबूलाल चंद्रा, दोनों निवासी ओडेकेरा, लखन लाल बंजारे पिता धनेश्वर प्रसाद बंजारे निवासी गंजीपारा जैजैपुर, नंदलाल पिता गनेश राम निवासी खजुरानी थाना जैजैपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन बॉज के तहत फरार स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## विद्यार्थियों को दी गई यातायात नियमों और साइबर अपराध की जानकारी

# राहवीर योजना के तहत घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेगी 25 हजार तक प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ -चांपा



छात्र छात्राओं को जानकारी देते यातायात पुलिस।

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और विद्यार्थियों को छोटी उम्र से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे यातायात जन-जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को चांपा के लायंस स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में यातायात निरीक्षक सुभाष चौबे ने शिक्षकगणों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत में निरीक्षक सुभाष चौबे ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि सड़क पर छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि नाबालिग बच्चे बिना लाइसेंस के वाहन चलाते हैं, जो न केवल गैरकानूनी है बल्कि स्वयं और दूसरों के जीवन के लिए भी खतरनाक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नाबालिगों द्वारा वाहन नहीं चलाना चाहिए और अभिभावकों को भी इस पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने मोटरसाइकिल चालकों को विशेष रूप से समझाया कि ट्रिपल सवारी न करें, हमेशा हेलमेट पहनकर ही मोटरसाइकिल चलाएं और तेज गति में वाहन न चलाएं। तेज रफ्तार ही अधिकांश सड़क हादसों की मुख्य वजह है। सड़क पर चलते समय जेब्रा क्रॉसिंग, सिग्नल, गति सीमा और सड़क संकेतों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।राहवीर योजना की दी विस्तृत जानकारी - जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को राहवीर योजना के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। निरीक्षक चौबे ने बताया कि राहवीर योजना एक स्वैच्छिक नागरिक सहायता कार्यक्रम है। इसमें कोई भी आम व्यक्ति जो सड़क दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति को सुरक्षित रूप से नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाता है, उसे शासन की ओर से 25 हजार रुपए तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।उन्होंने कहा कि कई बार लोग पुलिस और कानूनी पूछताछ के डर से दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद नहीं करते, जिससे समय पर इलाज न मिलने के कारण घायल की मौत तक हो जाती है। साइबर अपराध से बचने के बताए उपाय -कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने, ऑनलाइन धोखाधड़ी और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी दी गई।

# विवादित भवन निर्माण पर प्रशासन की दोबारा जांच

## सड़क की जमीन पर मिला निर्माणाधीन भवन का हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद के छोटे बड़े पुल के बीच बनाए जा रहे भवन के जमीन की दोबारा सीमांकन कराई गई। उक्त खसरा नंबर के सभी हिस्सों को पुनः चिन्नानचित कर सड़क की जमीन को सुरक्षित रखने और भवन निर्माण के गहराते विवाद को सुलझाने का प्रयास किया गया। सीमांकन जांच के दौरान भवन के आधे से ज्यादा हिस्से सड़क की जमीन पर बनाते पाए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि हसौद के बड़े-छोटे पुल के मध्य स्थित जमीन पर बनाए जा रहे हैं। मकान निर्माण को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस निर्माण को लेकर हसौद के ग्रामीणो एवं लोक निर्माण विभाग की ओर से दो-दो बार शिकायत की गई है, वहीं स्थगन आदेश के बाद भी कई दिनों तक भवन निर्माण का काम चलता रहा, जिसके चलते मामला सुर्खियों में आया और भवन विवाद ने एक नया मोड़ ले लिया। सक्ती एसडीएम के निर्देश पर विगत दिवस राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने ग्रामवासियों की उपस्थिति में पुनः जमीन विवाद को सुलझाने के लिए मौके पर पहुंचकर बनाए जा रहे भवन के जमीन की वास्तविकता की जांच की और उक्त खसरा नंबर के सभी हिस्सों को पुनः चिन्हांकित कर सीमांकन किया। मौका जांच के दौरान भवन के बाहरी कांलम एवं अन्य हिस्से सड़क की जमीन पर बनाते पाए गए हैं।

## खबर संक्षेप




### नशामुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

**कोरबा।** नशामुक्त भारत के निर्माण और समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सोमवार को पोड़ी उपरोड़ा के रामपुर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में नशामुक्ति का संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के विद्यार्थी कतारबद्ध होकर अनुशासित ढंग से रैली में आगे बढ़े। हाथों में तख्तियां लेकर निकले विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। रैली का उद्देश्य लोगों को नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। रैली में विद्यालय के प्राचार्य मनोज सिंह के साथ शिक्षक अभय कुमार श्रीवास्तव, दीपक कुमार सिंह, बबलू कुमार जांगिड़, शक्ति राहुल तंवर, विनोद कुमार और अंकिता सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

### श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति ने मनाया 23वीं स्थापना दिवस



**कोरबा।** श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति के तत्वाधान में रविवार को शरद पूर्णिमा एवं 23वीं स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें समाज के मार्गदर्शक मंडल संरक्षक मंडल पदाधिकारी पूर्व पदाधिकारी महिला मंडल सेलून पार्लर व्यावसायिक संघ के समस्त पदाधिकारी एवं समस्त समाज के सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में रंगनाथ श्रीवास जगदीश श्रीवास एवं मोहनलाल श्रीवास जी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अमिता श्रीवास अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहिनी की उपस्थिति रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में समाज के बच्चों को सतत आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा एवं कठिनाइयों का सामना निडर होकर कार्य करने की सलाह दी कार्यक्रम की शुरुआत इष्ट देव बजरंगबली की पूजा अर्चना की शुरुआत से प्रारंभ हुआ महिलाओं एवं बच्चों के लिए गरबा डांडिया का आयोजन किया गया था। वहीं समाज के प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु बोर्ड क्लास के उत्कृष्ट बच्चों खेल एवं नृत्य कला के क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न लाल श्रीवास ने किया एवं सभा का संचालन एवं आभार महासचिव लीलाधर श्रीवास के द्वारा किया गया।

### नेशनल लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने ली गई बैठक

**कोरबा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा श्रीमती नीता यादव की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय कटघोरा और करतला के न्यायाधीशगण की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। आगामी विशेष लोक अदालत 21 नवंबर व नेशनल लोक अदालत 12 दिसंबर में राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हांकित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है तथा प्रकरणों में पक्षकारों को सूचित कर प्री-सिटिंग के माध्यम से प्रकरणों का समझौते के आधार पर निराकरण किये जाने पर जोर दिया गया है तथा विधिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से भी विशेष लोक अदालत व नेशनल लोक अदालत का प्रचार प्रसार किये जाने हेतु निर्देश दिया गया है तथा न्यायाधीशगण को विशेष लोक अदालत एवं नेशनल लोक अदालत की तैयारी हेतु न्यायालयीन प्रक्रियाओं में त्वरित गति से कार्यवाही सम्पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

# स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे अन्वेषा, देवांशी, निमित और अमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

30 अक्टूबर से 4 नवंबर के मध्य रायगढ़ में योनेक्स सनराइज 25वीं राज्य स्तरीय अंडर 15 एवं अंडर 17 बालक-बालिका वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित होगी। राज्य की स्पर्धा में कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए सीधे मेन ड्रॉ की जगह पक्की करने बीते रविवार जिले की चयन प्रतियोगिता रखी गई थी।

कोरबा जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित सिलेक्शन ट्रायल में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अंडर 15 बालिका वर्ग में अन्वेषा निर्मलकर, अंडर 17 बालिका वर्ग में देवांशी बरेठ विजेता रहीं। इसी तरह अंडर 15 बालक वर्ग में निमित चौरसिया और अंडर 17 बालक वर्ग में अमन स्वर्णकार विजेता रहे। अगले चरण की प्रतिस्पर्धा में प्रवेश करते हुए सिलेक्शन ट्रायल के सभी विजेता खिलाड़ी अब रायगढ़ में निर्धारित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीधे मेन ड्रॉ में खेलने के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जहां वे कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के दिशा-निर्देश अनुसार केडीबीए द्वारा यह चयन स्पर्धा एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के खेल परिसर में किया गया। इसमें जिले के लगभग 35 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अंडर 15 बालिका वर्ग में सोनाली फेलिक्स उपविजेता और अन्वेषा निर्मलकर विजेता रहीं। अंडर 17 बालिका वर्ग में श्रेष्ठा साहू उपविजेता और देवांशी बरेठ विजेता रहीं। अंडर 15 बालक वर्ग में वैभव चंद्रा उपविजेता और निमित चैरसिया विजेता रहे। अंडर 17 बालक वर्ग में वैभव चन्द्रा उपविजेता और अमन स्वर्णकार विजेता रहे। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी रायगढ़ में सीधे मेन ड्रॉ में खेलने के लिए पात्र होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के अध्यक्ष डॉ संजय अग्रवाल, कोरबा जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मनीष गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, सदस्य श्याम किशोर अग्रवाल, अमरजीत सिंह, गौतम साहू और कल्पना फेलिक्स एवं अन्य सदस्यों तथा सुचारु रूप से मैच कराने में अमरजीत, करन और शादाब ने योगदान दिया। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक गण की उपस्थिति रही।

### जिला बैडमिंटन संघ ने आयोजित की चयन स्पर्धा

**खास बात**

- 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक रायगढ़ में आयोजित होगी 25वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता



## 4 नवंबर को कुसमुंडा खदान बंद के साथ कोल परिवहन रोकने की दी चेतावनी

# आऊट सोर्सिंग कंपनियों में रोजगार की मांग को लेकर किसान सभा ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा ने एसईसीएल की कुसमुंडा खदान क्षेत्र में आउट सोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से होने वाले कामों में प्रभावित भूविस्थापितों और स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर कुसमुंडा से बाइक रैली कलेक्टर कार्यालय तक निकालने के बाद कोसाबाड़ी चौक में प्रदर्शन कर कलेक्टर और एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा है।

किसान सभा ने ज्ञापन के माध्यम से मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर 4 नवंबर को कुसमुंडा खदान बंद करने के साथ कोल परिवहन को पूर्ण रूप से रोकने की चेतावनी भी दी है। इस आंदोलन को भू विस्थापित रोजगार एकता संघ ने भी अपना समर्थन दिया है। किसान सभा ने कहा कि एसईसीएल में जमीन अधिग्रहण के बाद हर गांव के भू विस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं जमीन अधिग्रहण के समय कई नियमों को बनाकर विस्थापित होने वाले छोटे किसानों को रोजगार से वंचित कर दिया जाता है और आऊट सोर्सिंग के माध्यम से भी होने वाले काम में आऊट सोर्सिंग कंपनियों द्वारा मनमानी की जा रही है जिससे भू विस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं।आऊट सोर्सिंग कंपनियों के मनमानी के खिलाफ छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ ने विरोध करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत झा ने कहा की एसईसीएल में जमीन अधिग्रहण के बाद हजारों भू विस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं और प्रबंधन आऊट सोर्सिंग कंपनियों के साथ सांठ गांठ कर रोजगार को बेचने का काम कर रही है जिसका विरोध हमारे द्वारा किया जा रहा है कुसमुंडा और गेवरा में होने वाले कार्यों में प्रभावितों को प्राथमिकता नहीं दिया जा रहा है जिसका विरोध की शुरवात आज कुसमुंडा में किया गया है और मांगो पर सकारात्मक पहल नहीं हुआ तो 4 नवंबर को कुसमुंडा खदान बंद के साथ कोल परिवहन को पूर्ण रूप से रोका जाएगा और कुसमुंडा क्षेत्र से कोयला परिवहन की गाड़ियों को रोका जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जय कौशिक, दामोदर श्याम, रेशम यादव, उत्तम दास, सम्मेलाल, गणेश बिंझवार, दिलीप कंवर, विकास बिंझवार, आनंद पाल, महेंद्रा, संजय, जीवन सारथी, हरि साहू, हुसैन, राजेश्वर दास, नटवर लाल, मनोज महंत, मनीष, हरिहर साहू, श्याम सुंदर महंत, गुड्डू राठौर, रामकुमार, जयचंद, हेमंत पटेल, शशि यादव, गुरु शरण, मनोज उपस्थित रहे।




प्रदर्शन करते हुए किसान सभा के सदस्य।

### समझाईश पर शांत हुए आंदोलनरत भूविस्थापित

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नरईबोध मनगांव रलिया और उमेंदीमाठा के भू-विस्थापित एवं प्रभावित ग्रामीणों और महिलाओं में प्रबंधन के रवैये को लेकर भारी आक्रोश है ग्रामीणों ने एसईसीएल. प्रबंधन पर वादाखिलाफी और झूठे आश्वासन देने का आरोप लगाते हुए सोमवार से गेवरा कार्यालय परिसर एवं खदान क्षेत्र में अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। इस कड़ी में बड़ी संख्या में घरों से बाहर निकल रहे थे कि उनके द्वारा प्रदर्शन किया जाना है लेकिन इस बीच पुलिस व प्रशासन के अधिकारी ग्रामीणों के पास पहुंचे और उन्हें समझाइश दी गई कि उनकी मांगों पर एसईसीएल प्रबंधन से बात करेंगे और आश्वासन के बाद भूविस्थापितों ने आंदोलन को स्थगित कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास से संबंधित उनकी कई जायज मांगें लंबे समय से लंबित हैं इसी संदर्भ में एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय द्वारा 11 अक्टूबर को ग्रामीणों को सभा कक्ष में चर्चा हेतु आमंत्रित किया गया था बैठक में प्रबंधन ने मुख्य रूप से दो प्रमुख बातों पर आश्वासन दिया था।

### ये हैं मांगे

0 जिनका भी जमीन अधिग्रहण हुई है उन्हें रोजगार उपलब्ध करायें।
0 खनन प्रभावित क्षेत्र एवं जिले के ही बेरोजगारों को आऊट सोर्शिंग कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया जाए।
0 काम समाप्त होने या चालू होने वाले कंपनियों में पुराने कर्मचारियों को कार्य में पुनः रखा जाए।
0 आउट सोर्सिंग कंपनियों में 70 और 30 प्रतिशत रोजगार देने का खेल समाप्त किया जाए।

# तीन दिन बाद आरक्षक की हसदेव नदी में मिली लाश



नदी में तैरता मिला आरक्षक का शव। इनसेट में आरक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिला सूरजपुर के तारा चौकी में पदस्थ एक 33 वर्षीय आरक्षक 23 अक्टूबर को हसदेव नदी में छलांग लगा दी थी। जिसके बाद से पुलिस और एसडीआरएफ की टीम लगातार हसदेव नदी में खोजबीन कर रही थी। तीन दिनों के बाद सोमवार की अलुसबह आरक्षक का शव अपने आप बाहर आ गया। जिसके बाद पुलिस ने शव को बाहर निकालकर बाहर निकालकर वैधानिक कार्यवही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। आरक्षक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया गया। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

उल्लेखनीय है कि सूरजपुर जिले के तारा चौकी में पदस्थ आरक्षक सुनील कुमार बैगा 33 वर्ष पिता जयश्री बैगा की करीब 6 महीने पहले ही शादी हुई थी। 23 अक्टूबर की दोपहर को आरक्षक सुनील बैगा अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 14 एम 1898 में सवार होकर मोरगा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हसदेव नदी के नए पुल पर पहुंचा और अपनी मोटरसाइकिल को पुल पर ही खड़ी की और अपने कुछ सामान मोटरसाइकिल पर रखकर सीधे नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद से एसडीआरएफ की टीम लगातार खोजबीन कर रही थी। इस बीच सोमवार की अलसुबह आरक्षक सुनील कुमार बैगा का शव पुलिस के समीप बाहर आ गया और स्थानीय लोगों की सूचना पर मोरगा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला गया। मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

**खास बात**

- पड़ोसी जिले में पदस्थ आरक्षक ने 23 अक्टूबर को हसदेव पुल से लगाई छलांग

# पटवारी संघ निकालेगा रैली



धरने में बैठे पटवारी संघ के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पटवारी संघ पिछले एक सप्ताह से अपनी न्यायसंगत मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चल रहे हैं। घंटाघर में धरने में बैठे पटवारी संघ ने बुधवार को दोपहर एक बजे के बाद जिला मुख्यालय में शांतिपूर्ण रैली निकालने का निर्णय लिया है। रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

पीवी एप से फसल का डिजिटल सर्वे कराये जाने का विरोध करते हुए जिला पटवारी संघ 13 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चला गया है। बीते 12 दिन से घंटाघर ओपन थिटेयर में धरने पर बैठे पटवारी संघ के द्वारा बुधवार 28 अक्टूबर को रैली निकालने का निर्णय लिया गया है। रैली में संघ के सभी सदस्यों के साथ जिले के सभी तहसील इकाईयों के अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित रहेंगे। हड़ताल से तहसील इकाईयों में पिछले 10 दिन से राजस्व काम ठप पड़े हैं। आम प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो रही है। आय, निवास व जाति जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज के लिए पक्षकारों को चक्कर काटना पड़ रहा है। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष मिथिलेश वर्मा ने बताया कि दोपहरल 1 बजे घंटाघर ओपन थियेटर से रैली निकालकर सुभाष चौक कोसाबाड़ी होते हुए जिला कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**खास बात**

- एक सप्ताह से घंटाघर में दे रहे हैं मांगों को लेकर धरना

### डहरिया किए गए निलम्बित

**कोरबा।** शासकीय सेवक होने के बावजूद राजनीतिक कार्यों में संलिप्तता शिक्षक को महंगी पड़ गई। कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग, बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रवीण कुमार डहरिया शिक्षक एल.बी. शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कथरीमाल विखं करतला को निलंबित कर दिया गया है। उनके विरूद्ध नगर पंचायत बलौदा जिला जांजगीर-चाम्पा के प्रशासकीय एवं शासकीय कार्यों में अनाधिकृत रूप से हस्तक्षेप करने, राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्तता की शिकायत की जांच करायी गई। प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के अनुसार शिकायतकर्ता द्वारा संलग्न किए गए फोटोग्राफ्स के परीक्षण से प्रवीण कुमार डहरिया की राजनीतिक दल के कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में सक्रिय संलिप्तता स्पष्ट रूप से प्रमाणित होना पाया गया है। प्रवीण कुमार डहरिया का उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 नियम 3 एवं 5 के विपरीत होने कारण एवं जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा के प्रस्ताव के आधार पर छ.ग. सिविल सेवा नियम (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय करतला नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# आर्य समाज मंदिर में शिविर का शुभारंभ

**कोरबा।** आर्य समाज मंदिर बालकोनगर में आज से 9 दिवसीय आर्यवीर विरांगना/शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस में व्यायाम प्रशिक्षक अजय आर्य की देखरेख में आर्य समाज के अध्यक्ष गोपीराम साहू के हाथों से ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात बौद्धिक कार्यक्रम एवं जूडो कराटे का अभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम में सचिव नरेन्द्र आर्य, उपाध्यक्ष श्रीमति गीता आर्य, मंत्राणी श्रीमति आरती मंगल, सदस्य नागेश गौरहा तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संध्या सिंह एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



# धान बेचने वाले किसानों के फिंगर प्रिंट का होगा सत्यापन

**कोरबा।** 15 नवंबर से शुरु होने वाली धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने के लिए शासन पूरी तैयारी में जुट गया है। अब किसान मोबाइल में आने वाले ओटीपी के आधार पर ही अपना धान नहीं बेच सकेंगे इसके लिए उन्हें अपने फिंगरप्रिंट का सत्यापन कराना होगा। इतना ही नहीं किसान के नॉमिनी के भी फिंगरप्रिंट की जांच पड़ताल की जाएगी।

धान खरीदी प्रक्रिया में बीते वर्ष से राज्य सरकार नए नियम बदल रही है। इन नियमों को लाने का उद्देश्य धान खरीदी में होने वाली गड़बड़ी और फर्जीवाड़े को रोकना है। बीते वर्ष खरीदी के दौरान मोबाइल में आने वाले ओटीपी के आधार पर ही किसान धान बेच लेते थे जिससे पूरी तरह खरीदी में पारदर्शिता नहीं हो पाती थी। मोबाइल ओटीपी के आड़ में किसान किसी का भी धान बेच लिया करते थे। इस वर्ष से नए नियम के लाने के बाद जिन किसानों ने एग्रीटेक पोर्टल में अपने फिंगरप्रिंट के साथ रजिस्ट्रेशन कराया है। धान बेचने के दौरान समिति में उस किसान के फिंगरप्रिंट का पोर्टल के फिंगरप्रिंट से सत्यापन किया जाएगा। इस नियम के अलावा जिन किसानों का एग्रीटेक पोर्टल मे पंजीयन हुआ है वही किसान धान बेच सकेंगे। जिले की सभी समितियों में पंजीयन काम अगस्त महीने से लगातार चल रहा है। शासन ने इसे सतत प्रक्रिया मानते हुए खरीदी शुरु होने के बाद भी पंजीयन कराने की सुविधा दी है।

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं अवध बिहारी तिवारी उम्र 64 वर्ष पिता स्व. सुंदर लाल जाति ब्राम्हण साकिन पामगढ़ थाना व तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) का निवासी है जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता है :-

1. यह कि मेरा पूर्व में नाम अवध तिवारी था।
2. यह कि अब परिवर्तित होकर मेरा नाम अवध बिहारी तिवारी हो गया है।
3. यह कि भविष्य में मुझे अवध बिहारी तिवारी के नाम से जाना एवं पहचाना जाये
4. यह कि समस्त शासकीय अर्धशासकीय अभिलेखो में अवध बिहारी तिवारी मान्य किया जाये।
5. यह कि मेरे द्वारा किसी भी तथ्य को छिपाया नहीं गया है और न ही गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया है। भविष्य में गलत जानकारी पाये जाने पर मै स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

अवध बिहारी तिवारी- शपथकर्ता

**सत्यापन**

मै अवध बिहारी तिवारी उम्र 64 वर्ष पिता स्व. सुंदर लाल जाति ब्राम्हण जो कि एतद् द्वारा सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में लिखी गयी समस्त बाते सही व सत्य है जिसे आज दिनांक 27/10/2026 को पामगढ़ में इस शपथ पत्र को पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

स्थान :- पामगढ़
दिनांक - 27/10/2026

अवध बिहारी तिवारी- सत्यापनकर्ता

## निचले इलाकों की निगरानी, राहत शिविरों की तैयारी, स्वास्थ्य सेवाओं और बिजली बहाली के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

# अर्नब के प्रभाव से वर्षा की संभावना को देखते सभी विभाग रहें अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य और दक्षिण-पूर्व क्षेत्र में बने दबाव के चक्रवाती तूफान 'अर्नब' में परिवर्तित होने की संभावना है। इसके प्रभाव से 28 और 29 अक्टूबर को जिले में वर्षा तथा आंधी-तूफान की आशंका को देखते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने अपर कलेक्टर, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रभारी अधिकारी, सभी एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी, भू-अभिलेख शाखा, नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों, स्वास्थ्य और बिजली विभाग सहित संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए सभी विभाग समन्वय से काम करें। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता पहुंचाने के लिए अधिकारी और उनकी टीमें फोन चालू रखें तथा क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों को तैयार रखें। उन्होंने लोगों से भी मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने, जोखिम वाले स्थानों से दूर रहने और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों पर अमल करने की अपील की। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों और तहसीलदारों को कोटवारों के माध्यम से गांवों में मुनादी कराकर लोगों को वर्षा, तेज हवा और संभावित जलभराव के प्रति सतर्क करने के निर्देश दिए। निचले और जोखिमयुक्त क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने तथा जलस्तर बढ़ने की आशंका होने पर वहां के लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की तैयारी करने को कहा गया। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि किसी भी व्यक्ति को बाढ़ या जलभराव की स्थिति में अपने स्थान पर फंसने न दिया जाए। तेज हवा के दौरान पेड़ गिरने, बिजली गिरने और अन्य दुर्घटनाओं से बचाव के लिए भी लोगों को सावधानी बरतने की जानकारी दी जाएगी। नागरिक पेड़ों, बिजली के खंभों और कमजोर संरचनाओं के पास खड़े न हों तथा आंधी-तूफान के दौरान अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें।




बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी।

### पुल-पुलियों पर पानी होने पर आवागमन रोका जाएगा

कलेक्टर ने नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने और पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहने की स्थिति में तत्काल आवागमन रोकने के निर्देश दिए। सूचना मिलते ही कोटवारों तथा स्थानीय अमले के माध्यम से अस्थायी बैरिकेडिंग कराई जाएगी। किसी भी व्यक्ति को मोटरसाइकिल, कार या अन्य वाहन से बहते पानी के बीच से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नागरिकों से अपील की गई है कि पुल-पुलियों पर पानी होने पर रास्ता पार करने का जोखिम न लें और प्रशासन की ओर से लगाए गए अवरोधों का पालन करें।





## कबीर का बेटा बना डायरेक्टर 23 साल की उम्र में किया डेब्यू

**मुंबई।** बजरंगी भाईजान और ट्यूबलाइट जैसी फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर कबीर खान के बेटे विवान खान ने 23 साल की उम्र में अपना डेब्यू कर लिया है। पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए उन्होंने निर्देशन में ही अपने कॅरियर की शुरुआत की है। उन्होंने इंस्टाग्राम सीरीज के माध्यम से अपना सफर शुरू किया है जिसका नाम प्रोजेक्ट प्लस 91 है। इसके जरिए उन्होंने देश की विभिन्न संस्कृति और सभ्यताओं को अपने कैमरे में कैद किया है। इस सीरीज के जरिए उन्होंने देश के अलग-अलग कोने में भ्रमण किया है और वहां की संस्कृति को अपने कैमरे में कैद किया है। उनकी या पेज और तस्वीरें चर्चा में आई हैं जो भारत देश के वर्सेटाइल कल्चर की एक अद्भुत झलक हैं।

## लाइफ Style

# नयनतारा


*'जेलर 2' की जबरदस्त सफलता के बीच रजनीकांत के फैंस को एक और सरप्राइज मिला है। अब रजनीकांत, कमल हासन द्वारा निर्मित फिल्म 'धर्मन' में नजर आएंगे और फिल्म में उनके साथ नयनतारा*

### धर्मन में रजनीकांत के साथ आएंगी नजर

**मुंबई।** मेकर्स ने एक नए पोस्टर के साथ उनके शामिल होने की घोषणा की। साउथ सिनेमा की लेडी सुपरस्टार नयनतारा, रजनीकांत की अपकमिंग फिल्म 'धर्मन' की कास्ट में शामिल हो गई हैं। इस फिल्म के जरिए पांच साल बाद नयनतारा सुपरस्टार रजनीकांत के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। इससे पहले रजनीकांत के साथ लेडी सुपरस्टार 2021 की फिल्म 'अन्नाथे' में साथ दिखाई दी थीं और अब एक बार फिर दोनों साथ नजर आने वाले हैं और इस खबर ने इन दोनों सुपरस्टार्स के फैंस को खुश कर दिया है। अश्वथ मारिमुथु द्वारा लिखित और निर्देशित, यह तमिल मेडिकल ड्रामा का ऐलान 'थलाइवर 173' के नाम से किया गया था, इसे कमल हासन प्रोड्यूस किया जा रहा है। निर्माताओं ने रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर करके नयनतारा को कास्ट किए जाने की घोषणा की। मेकर्स ने हाल ही में 'धर्मन' की कास्टिंग से जुड़ी जानकारी साझा की। 'राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल' ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्टर जारी किया, जिसमें रजनीकांत और नयनतारा की परछाइयां दिखाई दे रही हैं। दोनों एक-दूसरे की तरफ देखते हुए एक बड़ी कांच की खिड़की के सामने खड़े नजर आ रहे हैं। खिड़की से आती सुनहरी धूप एक शानदार 'बैकलिट' इफेक्ट पैदा कर रही है, जिससे दोनों कलाकारों की छाया दिखाई देती है।



## हॉलीवुड मसाला




### 70 साल के बुज़ुर्ग के रूप में आए नजर

**लॉस एंजिल्स।** 'द रॉक' के नाम से मशहूर हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन अपने दमदार शरीर और एक्शन अवतार के लिए सुर्खियों में बने रहता हैं। लेकिन, इस बार उनका ऐसा लुक सामने आया है, जिसे देखकर फैंस के लिए उन्हें पहचानना मुश्किल हो गया। अपनी अपकमिंग फैंटेसी एडवेंचर फिल्म 'लिजर्ड म्यूजिक' में ड्वेन 70 साल के एक बूढ़े व्यक्ति के किरदार में नजर आएंगे। जबकि उनकी असली उम्र 54 साल है।



### बग्स बनी और डैफी डक को दी अपनी आवाज

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर वॉयस आर्टिस्ट एरिक बाउजा का 46 साल की उम्र में अचानक निधन हो गया है। वह लोकप्रिय कार्टून किरदार बग्स बनी और डैफी डक को अपनी आवाज देने के लिए जाने जाते थे। एरिक बाउजा के परिवार ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर उनके निधन की पुष्टि की। बयान में बताया गया कि एरिक एमी अवॉर्ड जीतने वाले वॉयस आर्टिस्ट थे। उन्होंने लूनी ट्यून्स के कई मशहूर किरदारों को अपनी आवाज दी थी। उनके अचानक चले जाने से उनके चाहने वालों को बड़ा झटका लगा है। एरिक को हाल ही में फिल्म कोयोट वर्सेज एक्मे में भी सुना गया था। उन्होंने अपने करियर में कई ऐसे कार्टून किरदारों को आवाज दी, जिन्हें दुनियाभर के दर्शक पसंद करते हैं। एरिक बाउजा का नाम लूनी ट्यून्स के साथ खास तौर पर जुड़ा रहा।




### 'बैचलर पार्टी डीयू' में पॉली के रोल में दिखेंगी ज्योतिर्मयी

**नई दिल्ली।** मलयालम सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर अमल नीरद की नई फिल्म 'बैचलर पार्टी डीयू' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। अब मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी एक और बड़ी अपडेट शेयर कर दी है। फिल्म में एक्ट्रेस ज्योतिर्मयी के कैरेक्टर नेम का खुलासा हो गया है। वह इस फिल्म में 'पॉली' के किरदार में नजर आने वाली हैं। डायरेक्टर अमल नीरद ने सोशल मीडिया पर उनका पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'ज्योतिर्मयी इज पॉली'। यह फिल्म साल 2012 में आई सुपरहिट फिल्म 'बैचलर पार्टी'का सीक्वल है। फिल्म में एक से बढ़कर एक कलाकारों की पूरी फौज नजर आने वाली है।प्रेमलु फिल्म से फेमस हुए एक्टर नसलेन इस मूवी में लीड रोल में हैं। मेकर्स ने ज्योतिर्मयी के अलावा कई और स्टार्स के कैरेक्टर नेम भी रिवील कर दिए हैं। नादिया मोइदू फिल्म में अन्ना मैथ्यूज का रोल प्ले कर रही हैं, जबकि रजीशा विजयन सिंपल के किरदार में दिखेंगी।



### अनुष्का-विराट कान्हा की भक्ति में हुए लीन, भजन पर झूमे

**मुंबई।** अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने हाल ही में मुंबई में आयोजित कृष्णा दास के कीर्तन में शामिल हुए। कपल साथ-साथ भक्ति गीतों पर डूबे नजर आए। कृष्णा दास कीर्तन से कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें उन्हें कान्हा की भक्ति में डूबे देखा जा सकता है। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली कोहली बॉलीवुड और क्रिकेट इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक हैं। हाल ही में ये दोनों मुंबई में अमेरिकी संगीतकार और गायक कृष्णा दास के लाइव कीर्तन में भक्ति संगीत का आनंद लेते देखे गए। इस कार्यक्रम से विराट-अनुष्का की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिनमें दोनों को कान्हा की भक्ति में लीन देखा जा सकता है। सोशल मीडियापर शेयर किए गए वीडियो में, अनुष्का और विराट को एक साथ भक्ति संगीत का आनंद लेते हुए देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में अनुष्का और विराट एक-दूसरे के बगल में बैठे हुए संगीत की धुन पर झूमते नजर आ रहे हैं।

## टीवी मसाला



### साई ने 'सीता मां' के सवाल पर दिया दिल खुश करने वाला जवाब

**नई दिल्ली।** रामायण की स्टार कास्ट रणबीर कपूर, साई पल्लवी और रवि दुबे हाल में अमिताभ बच्चन के शो 'कौन बनेगा करोड़पति के सेट पर पहुंचे थे। यहां साई पल्लवी ने एक सवाल का ऐसा जवाब दिया जिसे सुनकर अमिताभ भी प्रभावित हो गए। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'रामायण' अगले हफ्ते थिएटर में दस्तक देने वाली है। फिल्म रिलीज से पहले स्टार कास्ट इसके प्रमोशन में बिजी हैं। अमिताभ बच्चन ने शो पर पहुंचे रणबीर, साई और रवि से सवाल करते हुए पूछा कि जब निर्माता-निर्देशक ने उन्हें फिल्म में उनके किरदारों के बारे में बताया तो उनके दिमाग में क्या चल रहा था और कैसे तैयारी की। इसके बाद अमिताभ ने मुस्कुराते हुए कहा 'लेडीज फर्स्ट'। साई पल्लवी ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जब उन्हें पता चला कि वो सीता मां का किरदार निभाने वाली हैं तो उन्होंने कुछ नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि वो हमेशा कोई भी किरदार निभाने से पहले ये सोचती हैं कि वो इस किरदार में अपना क्या जोड़ सकती हैं।

### बिना नाम लिए काशवी ने मांगी माफी

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में स्काउट ओपी उर्फ तन्मय और लव गिल के बीच अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिली। वैसे तो स्काउट ने शो में कहा कि वे लव को अपनी बहन मानते हैं। मगर, कुछ एपिसोड में दोनों के बीच ऐसी चीजें देखने को मिली, जिसके बाद उनके रिश्ते पर सवाल उठने लगे। स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी भी इससे असहज और आहत हुईं और बीते दिन शो में आकर उन्होंने स्काउट और लव दोनों की क्लास लगा दी। इसके बाद काशवी ने सफाई दी है। उन्होंने अपनी कही बातों पर खेद जताया है। काशवी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। काशवी ने लिखा है, 'मेरा इरादा स्काउट से बात करना था। उसकी गलतियों को बताना था, जो मुझे लगा कि उसने की हैं। उसके कामों के लिए उसे जिम्मेदार ठहराना था।



### बेपरवाह का फर्स्ट लुक आउट शरवरी संग इश्क लड़ाएंगे अहान

**मुंबई।** अहान पांडे ने मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा'से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को दर्शकों का इतना प्यार मिला का फिल्म ब्लॉकबस्टर बन गई। तभी से फैंस अहान को फिर से स्क्रीन पर देखने के लिए बेताब थे। अब फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। अहान जल्द ही यश राज की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वो शरवरी वाघ के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। मेकर्स ने फिल्म का टाइटर और पहला पोस्टर भी जारी कर दिया है। फिल्म का नाम 'बेपरवाह'है, जिसका निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं, जबकि आदित्य चोपड़ा इसके निर्माता हैं। ये एक रोमांटिक एक्शन-ड्रामा फिल्म है। । फिल्म 26 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के पहले पोस्टर से इसकी कहानी में रोमांस और एक्शन का मेल देखने को मिल रहा है। पोस्टर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है। पोस्टर में अहान के हाथ में बंदूक है, जबकि शरवरी गिटार पकड़े नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरे पोस्टर में नहीं दिखाए गए हैं। इससे मेकर्स ने फिलहाल उनके लुक को छिपाकर रखा है। पोस्टर के साथ डायलॉग भी सुनाई दे रहा है, जिसमें अहान की आवाज में सुनाई दे रहा है- 'बेपरवाह है इश्क, क्या करूं? बेपरवाह, बेइंतहा करूं, कोई भी आए तो सब तबाह, तबाह, तबाह कर दूं!' बेपरवाह में अहान और शरवरी पहली बार साथ काम कर रहे हैं। बता दें कि यशराज फिल्म्स के साथ ये अहान की दूसरी फिल्म है। इससे पहले यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा से अपना एक्टिंग डेब्यू कर चुके हैं, जिसे मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया था। इस पोस्टर पर अहान पांडे की रुमर्ड गर्लफ्रेंड और सैयारा एक्ट्रेस अनीत पड्डा का रिएक्शन भी आया। एक्ट्रेस ने कमेंट कर लिखा- बेस्ट ऑफ बेस्ट! बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं! इस फिल्म के जरिए अली अब्बास जफर भी यशराज फिल्म्स के साथ वापसी कर रहे हैं। इससे पहले वह इस बैनर के साथ सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी हिट फिल्मों में काम कर चुके हैं। वैसे तो फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की कास्ट में बेबी देओल भी शामिल हो गए हैं।



### रामायण के चलते नागार्जुन ने टाली 'इटलु अर्जुन' की रिलीज

**नई दिल्ली।** डायरेक्टर महेश उप्पला की अपकमिंग रोमांटिक एंटरटेनर फिल्म 'इटलु अर्जुन'की रिलीज डेट टल गई है।फिल्म में अनीश और अनस्वरा राजन लीड रोल में नजर आएंगे। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म अब 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। हालांकि, नई रिलीज डेट का ऐलान जल्द किया जाएगा। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे प्रोडक्शन हाउस व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर रिलीज टलने की जानकारी दी। मेकर्स ने लिखा, 'हमें यह बताते हुए अफसोस हो रहा है कि 'इटलु अर्जुन' तय योजना के मुताबिक 30 अक्टूबर को रिलीज नहीं होगी। बता दें देशभर में 5 नवंबर को रामायण भी रिलीज हो रही है। ऐसे में एक कारण रणबीर कपूर की फिल्म भी हो सकती है, जिसका देश ही नहीं विदेशों में भी खूब बोल-बोला देखने को मिल रहा है। नई रिलीज डेट का ऐलान बहुत जल्द किया जाएगा। तब तक हम इस युवा टीम के लिए आपके प्यार और सपोर्ट की उम्मीद करते हैं। मरोसा रखिए, अर्जुन का प्यार सिनेमाघरों में धोगुने धमाके के साथ सुनाई देगा। मेकर्स ने अपनी पोस्ट में आगे बताया कि फिल्म को तेलुगु स्टार नागार्जुन प्रस्तुत कर रहे हैं, जबकि इसका म्यूजिक एस. थमन ने तैयार किया है। हालांकि, रिलीज टलने की वजह का खुलासा नहीं किया गया है।'इटलु अर्जुन'को मशहूर डायरेक्टर वेंकी कुदुमुला अपने प्रोडक्शन हाउस व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं, तेलुगु सिनेमा के स्टार नागार्जुन इस फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं. फिल्म के जरिए महेश उप्पला बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं, जबकि अनीश हीरो के तौर पर अपनी पहली फिल्म से दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म में अनस्वरा राजन फीमेल लीड रोल में हैं।



## सस्पेंस से लेकर कॉमेडी और एक्शन तक पिटेगा 'ढिंढोरा'

# इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। नई फिल्में और सीरीज दस्तक देंगी। इस हफ्ते दर्शकों को पारिवारिक मनोरंजन देखने को मिलेगा। इसके अलावा कॉमेडी का डोज मिलेगा। साथ ही हॉरर और रोमांस का भी तड़का लगने वाला है।

**ढिंढोरा सीजन 1:** भुवन बाम की हिट कॉमेडी सीरीज 'ढिंढोरा' सीजन 1 अक्तूबर के आखिरी वीक में स्ट्रीम होने को तैयार है। बता दें कि यह चर्चित सीरीज साल 2021 में भुवन बाम के यूट्यूब चैनल पर मुफ्त रिलीज हुई थी। अब 28 अक्टूबर से यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**बत्था :** सुपरस्टार विजय सेतुपति की फिल्म 'बत्था' भी इस वीक ओटीटी पर आ रही है। नेटफ्लिक्स पर यह 29 अक्टूबर से स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह फिल्म पहली अक्टूबर को थिएटर्स में सजी थी। एक महीने से भी कम वक्त में यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ रही है। 'बत्था' को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, हिंदी और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

**मीठे में क्या है:** अगर आपको फैमिली ड्रामा से भरपूर किसी फिल्म का इंतजार है, जिसे आप फेस्टिव सीजन में परिवार के साथ बैठकर देख सकें, तो यह शानदार विकल्प है। 'मीठे में क्या है' इस वीक ओटीटी पर धमाका करेगी। इसमें संयुक्त परिवार और उनके बीच के चैलेंज और सपोर्ट सिस्टम को बखूबी दिखाया गया है। यह फिल्म 30 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। बात करें कास्ट की तो राधिका बंसल निर्देशित फिल्म में ऋत्विक भौमिक, रोहिणी हट्टंगड़ी और आयशा रजा मिश्रा जैसे सितारे हैं।



### अवराचन एंड संस

बिजू मेनन की यह मलयालम फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। बिजू मेनन के अलावा इसमें श्रीनाथ भासी, गणपति एस. पोदुवाल और ग्रेस एंटनी भी अहम भूमिकाओं में हैं।

**इमोर्टल :** यह एक तमिल भाषा की हॉरर-रोमांटिक फिल्म है, जो 04 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, कायादु लोहार और टी.एम. कार्तिक अहम भूमिका में हैं। अब यह ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 30 अक्टूबर से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी। ओटीटी पर यह तमिल के अलावा हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में भी उपलब्ध होगी।

**अक्का:** कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे स्टारर गैंगस्टर सीरीज 'अक्का' भी इस वीक को खास बनाएगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इसकी कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा।

## खबर संक्षेप

### भारी बारिश की आशंका को देखते हुए किसान धान की कटाई टालें : पाण्डेय

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पाण्डेय ने



किसानों से अपील की है कि भारी बारिश की आशंका को देखते हुए फिलहाल धान की कटाई करने से बचें। जिन किसानों ने धान की कटाई कर ली है, वे अपनी फसल को खेतों से हटाकर सुरक्षित एवं सूखे स्थान पर रखें तथा तिरपाल से अच्छी तरह ढककर रखें, ताकि बारिश से फसल को भीगने और नुकसान होने से बचाया जा सके। इंजी. पाण्डेय ने कहा कि धान में नमी बढ़ने से उसकी गुणवत्ता प्रभावित होती है और भंडारण के दौरान नुकसान की आशंका बढ़ जाती है। लगातार बारिश एवं नमी से दलहन-तिलहन की फसलों में कीट और रोगों का प्रकोप भी बढ़ सकता है। किसान खेतों में जलभराव रोकने के लिए पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि फसल को नुकसान होने की स्थिति में तत्काल संबंधित बीमा कंपनी अथवा कृषि विभाग को सूचना दें। नुकसान की तस्वीरें एवं आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित रखें और फसल बीमा की निर्धारित समय-सीमा का पालन करें। इंजी. रवि पाण्डेय ने कहा कि किसानों की मेहनत से तैयार फसल की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। मौसम के प्रति सतर्कता, समय पर उचित प्रबंधन और आवश्यक सावधानियां अपनाकर किसान संभावित नुकसान को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

### चक्रवात के असर से नगर में दिन भर छाये रहे बादल

**चाम्पा।** नगर में मंगलवार 27 अक्टूबर को दिनभर बादल छाये रहे और सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। चक्रवात अर्नब का असर चाम्पा शहर में भी दिखाई दिया और दिनभर यहाँ सूर्यदेव के बादलों से बाहर नहीं आने के कारण बदली छाई रही। साईक्लोन के प्रभाव से मंगलवार को नगर सहित प्रदेश के कई शहरों में मौसम का मिजाज बदला रहा और आसमान पर घने बादल छाये रहे। वैसे बारिश तो नहीं हुई लेकिन इसकी आशंका को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद और अलर्ट मोड पर हैं। संवेदनशील इलाकों सहित नदी किनारे के ग्रामों में खास नजर रखी जा रही हैं।

### जैजैपुर में मकान से निकला जहरीला गेहुआं करैत, सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू

**जैजैपुर।** नगर पंचायत जैजैपुर के वार्ड क्रमांक-2 में केवल साहू के मकान में जहरीला गेहुआं



करैत सांप निकलने से हड़कंप मच गया। इसकी सूचना मिलने पर सर्प मित्र दीपक शर्मा रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक सांप को अपने नियंत्रण में लेकर सुरक्षित डिब्बे में बंद किया।इसके बाद दीपक शर्मा सांप को आबादी से दूर सुरक्षित स्थान पर छोड़ आए। जहरीले सांप के रेस्क्यू के बाद मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली।

### सहसराम को मानवाधिकार एवं संरक्षण संगठन में मिली नई जिम्मेदारी

**हसौद।** मानव अधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण ऑर्गेनाइजेशन के सक्ती संस्करण में सहसराम धीरहे को प्रबंध सचिव मनोनीत किया गया है।



संगठन द्वारा जारी मनोनयन पत्र के माध्यम से सहसराम धीरहे को प्रबंध सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस पद पर रहते हुए वे संगठन की गतिविधियों के संचालन, कार्यों के समन्वय तथा संगठनात्मक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। संगठन ने विश्वास जताया है कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और सक्रियता के साथ करेंगे।

## निधन

### पुष्पा शुक्ला

**जांजगीर।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवा निवृत बैंक अधिकारी स्व राजेंद्र शुक्ल (केरा वाले) की धर्म पत्नी श्रीमती



पुष्पा शुक्ला (बनरहीन गौटीन ) का मंगलवार 27 अक्टूबर को निधन हो गया। वे नाती पोतो से भरा पूरा परिवार बिलखता छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 28 अक्टूबर को जांजगीर स्थित मुक्तिधाम में होगा।

### केशवलाल विश्वकर्मा

**चांपा।** स्थानीय बड़े मठ के पास लोहारपारा निवासी विश्वकर्मा समाज के प्रतिष्ठित नागरिक



एवं विश्वकर्मा इंजीनियरिंग के संचालक स्व. दुखीराम विश्वकर्मा के ज्येष्ठ पुत्र केशवलाल विश्वकर्मा का मंगलवार 27 अक्टूबर को सायः निवास पर निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। स्व. विश्वकर्मा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 28 अक्टूबर को सुबह मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया जायेगा। अंतिम यात्रा सुबह 10 बजे निवास से निकलेगी।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

# बच्चियों की सुरक्षा के लिए जरूरी है जागरूकता और सतर्कता : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

स्कूली बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट) के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संचालित 'सुरक्षित बचपन अभियान' के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सक्ती में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती लीना अग्रवाल द्वारा छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, 2012 तथा 'सुरक्षित बचपन अभियान' के उद्देश्य, महत्व एवं कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

उन्होंने बताया कि बच्चों को लैंगिक अपराधों एवं यौन शोषण से संरक्षण प्रदान करने के लिए यह कानून महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्राओं को कानून के प्रति जागरूक रहने, अपने अधिकारों को समझने तथा किसी भी प्रकार की अनुचित घटना होने पर चुप रहने के बजाय उचित माध्यम से शिकायत करने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में श्रीमती अग्रवाल ने छात्राओं को घर से विद्यालय आने-जाने के दौरान सतर्क रहने तथा अपने आसपास की परिस्थितियों के प्रति सजग रहने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के अनावश्यक स्नेह, दुलार या व्यवहार को सहज मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, यदि उससे असहजता महसूस हो। छात्राओं को अपनी असहजता को पहचानने, अपनी बात स्पष्ट रूप से रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर विश्वसनीय व्यक्ति से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं को अपनी मां के साथ दोस्ताना एवं विश्वासपूर्ण संबंध बनाए रखने की सलाह दी । कुमारी अंकिता देवदास न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्राओं को अपने शरीर की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा किसी भी व्यक्ति के अनुचित स्पर्श या व्यवहार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर बिना भय और संकोच के अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी देनी चाहिए। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती एस. लकड़ा एवं स्टाफ और पैरालीगल वॉलिंटियर मनीष साहू, प्रहलाद बंजारे, संतोष कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना, लैंगिक अपराधों की रोकथाम करना तथा उन्हें सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करना है।



जागरुकता शिविर में उपस्थित छात्राओं को जानकारी देती द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायाधीश लीना अग्रवाल।

### लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**बम्हनीडीह।** सुरक्षित बचपन अभियान के तहत 26 अक्टूबर को लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनीडीह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 220 विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, सुरक्षा और विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। पैरालीगल वॉलंटियर रमेश कुमार दिवाकर ने बाल अधिकार, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो), शिक्षा का अधिकार, बच्चों के अनुकूल विधिक सेवाओं तथा प्रसव पूर्व लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम के बारे में बताया। वहीं पैरालीगल वॉलंटियर सहदेव दास महंत ने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, बाल विवाह एवं बाल शोषण की रोकथाम, दहेज प्रथा, टोनही प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक पीड़ितों को विधिक सहायता और स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी दी। उपनिरीक्षक सुश्री निकिता देवेंद्र साहू ने विद्यार्थियों को अपराध से दूर रहने, करियर पर ध्यान देने और बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के प्राचार्य शिव कुमार पटेल ने गुड टच-बैड टच, मौलिक अधिकार, शिक्षा का अधिकार और बाल सुरक्षा के विषय में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को सतर्क रहने की सलाह दी। इस अवसर पर प्राचार्य एसपी तिवारी, समन्वयक उमेश तेंबुलकर, श्यामलाल डडसेना, महिला आरक्षक ममता सहित विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### बच्चों को सिखाए सुरक्षा के गुर, अधिकारों और कानूनों की दी जानकारी



**बिर्रा।** सुरक्षित बचपन अभियान के तहत 27 अक्टूबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, बाल संरक्षण कानूनों, साइबर सुरक्षा और विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में 415 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। शिविर में पैरालीगल वॉलंटियर रमेश कुमार दिवाकर ने 'मेरा बचपन, मेरा अधिकार', 'कानून जानो, बचपन बचाओ' जैसे विषयों के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकारों और संरक्षण संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बच्चों के अनुकूल विधिक सेवाएं, प्रसव पूर्व लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम तथा बच्चों के लिए अनिवार्य शिक्षा से संबंधित प्रावधानों की जानकारी देते हुए जागरूकता को सुरक्षित बचपन की पहली सीढ़ी बताया। वहीं, पैरालीगल वॉलंटियर सहदेव दास महंत ने 'सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित बचपन', 'बोलो, बताओ, बचाओ', 'ना बाल विवाह, ना बाल शोषण' और 'जागरूक बचपन, सशक्त भारत' जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी बिर्रा राजीव श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को अपराधों से दूर रहने और अपने भविष्य एवं करियर पर विशेष ध्यान देने की समझाइश दी। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बच्चों को सामाजिक कुरीतियों के प्रति सजग रहने संदेश दिया। साथ ही गुड टच-बैड टच, मौलिक अधिकार, शिक्षा का अधिकार तथा बाल संरक्षण पर भी प्रकाश डाला।

## छठ घाट का निरीक्षण कर कलेक्टर ने दिये आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



■ लछनपुर सरपंच को सौंपा घाट की सफाई का जिम्मा

भोजपुरी समाज की जांजगीर चाम्पा जिला इकाई द्वारा आगामी माह रविवार 15 नवंबर को सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ धूमधाम से परंपरानुसार मनाया जावेगा। पर्व की तैयारियों सहित इसके सफलतापूर्वक आयोजन के उद्देश्य से कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने विगत रविवार 25 अक्टूबर को सुबह 9 बजे केराझरिया लछनपुर स्थित छठ घाट का निरीक्षण कर सरपंच को घाट की समुचित साफ सफाई किये जाने के अलावा वहां अन्य जरुरी कार्य कराये जाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने इस मौके पर कहा कि सूर्य उपासना का महापर्व छठ भोजपुरी समाज के अतिरिक्त अन्य वर्गों के लोग भी पूरी आस्था के साथ मनाते हैं इसलिए घाट में पेवर ब्लॉक लगाकर यहां जरुरी प्रकाश व्यवस्था की जावे ताकि पूजा हेतु यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। साथ ही पर्व के पूर्व छठ घाट की समुचित सफाई करा ली जावे। इस दौरान भोजपुरी समाज की ओर से संस्थापक जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने छठ घाट के जीर्णोद्धार हेतु कलेक्टर के प्रति समाज की ओर से आभार ज्ञापित करते हुए उनका कौसेय शाल पहनाकर और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस मौके पर जांजगीर के एस. डी. एम., समाज के जिलाध्यक्ष सुशील सिंह, बी. के. दास, निशांत सिंह, रंजय सिंह, सिद्धांत सिंह, शिवशंकर झा, दिव्य प्रकाश आदि भी मौजूद थे।

### अभाविप का तेजस्विनी युवती सम्मेलन आज

**चाम्पा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा युवतियों में नेतृत्व एवं राष्ट्र भाव करने हेतु तेजस्विनी युवती सम्मेलन का आयोजन बुधवार 28 अक्टूबर को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया जा रहा हैं। यह जानकारी देते हुए अभाविप के नगर मंत्री वेणु नारायण देवांगन एवं नगर सह मंत्री द्वय अन्नू श्रीवास तथा अनामिका द्विवेदी ने बताया कि सम्मेलन के पूर्व सुबह 10.30 बजे से शोभायात्रा निकाली जावेगी तथा दोपहर 12.30 बजे उदघाटन सत्र होगा, जिसकी मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी होंगी। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह ठाकुर और परिषद वक्ता के रूप में अभाविप राष्ट्रीय कला मंच की प्रान्त संयोजिका सुश्री रिद्धिमा वर्मा शामिल होंगी।

## सद्भावना भवन से लेकर थाना परिसर तक चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

छत्तीसगढ़ जागृति मानव कल्याण समिति के नेतृत्व में सद्भावना भवन से थाना परिसर तक सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान

■ छत्तीसगढ़ जागृति मानव कल्याण समिति ने चलाया सफाई अभियान

सड़क किनारे फैले कचरे, प्लास्टिक और झाड़ियों की सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

छत्तीसगढ़ जागृति मानव कल्याण समिति के द्वारा पामगढ़ में स्वच्छता को लेकर एक सराहनीय पहल की गई। समिति के सदस्यों द्वारा पामगढ़ सद्भावना भवन से लेकर थाना परिसर पामगढ़ तक सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान समिति के कार्यकर्ताओं ने सड़क किनारे फैले कचरे, प्लास्टिक और झाड़ियों की सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस सफाई अभियान में सैकड़ों की संख्या में महिला कमांडो एवं आसपास के महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं तथा जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर सफाई में अपना श्रमदान दिया। समिति ने लोगों से अपील की है कि अपने आस-पास साफ-सफाई रखें और पामगढ़ को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। इस दौरान प्रमुख रूप से दीपक मनहर, सुरेंद्र लहरे, शैलेन्द्र रात्रे, निक्कू पाटले, शब्बीर कुरैशी, मनोज खरे, धीरेंद्र जसकर, देव लहरे, सुभाष ओग्रे, सुखदेव श्रीवास, महिला कमांडो अनुभा दिनकर की समस्त टीम, कंचन जोशी, अजय कश्यप, जसवेंद्र खूंटे, अमृत कश्यप, अशोक दिवाकर, रजनी टाइगर, आरिफ खान, मौसिन खान, विनोद यादव, छोटेलाल यादव, कौशल कश्यप, रामकुमार रोहिदाश, सत्यप्रकाश दिवाकर, हीरालाल यादव, संतोष साहू ,गणेश साहू अमीन खान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



सफाई अभियान में शामिल महिला कमांडो, समूह की महिलाएं एवं अन्य।

## शिविर में जांच कर 204 मरीजों को वितरित की गई दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव



■ निशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्त दान शिविर का सफल आयोजन

सरहर में साहू हेल्प लाइन जांजगीर चांपा, सक्ती द्वारा 25 अक्टूबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्त दान महादान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 204 मरीजों का जांच एवं दवाई वितरण किया गय। वहीं 25 लोगों ने रक्त दान किया, जिसमें सरहर ग्राम की महिला सुनीता साहू उम्र 36 वर्ष ने रक्त दान कर एक मिशाल पेश किया, जिसे एम्स रायपुर के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आकांक्षा साहू ने मंच पर उनका सम्मान किया।

कार्यक्रम का शुरुआत भारत माता के तेल चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह चंद्र शेखर देवांगण, योगेश शर्मा, सामाजिक सदभाव प्रमुख, लक्ष्मी नारायण सोनी सह विभाग कार्यवाह, अजय सराफ, खंड कार्यवाह रूप नारायण जिला कार्य कारी अध्यक्ष साहू संघ सक्ती, हेमन्त साहू कोषाध्यक्ष साहू संघ जांजगीर उपस्थित थे। शिविर में रक्त दान करने वाले को हेलमेट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि देवांगन ने अपने आशीर्वचन में इस तरह के कार्य क्रम से शिक्षा लेकर ऐसे कार्य क्रम आगे भी होने रहने की बात की ताकि जरूरत मंद लोगों को इसका लाभ मिल सके । योगेश शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह पुनीत कार्य है। कार्यक्रम में आये सभी अतिथि एवं चिकित्सक का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से कार्यक्रम के संयोजक साहू हेल्प लाइन अशोक कुमार साहू ने किया। आभार रामरतन साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष सरहर ने किया। कार्यक्रम को सफल आयोजन करने में सीता राम जी साहू, तन्मय साहू, थामेश्वर साहू, उमा शंकर साहू, आशुतोष, संजय, संत राम, राजेश साहू सुखी राम, संत राम का विशेष सहयोग रहा।

## लोकतंत्र देश की आत्मा, इसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिला मुख्यालय में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रेरणादायी कार्यक्रम नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय सक्ती और गुंजन एजुकेशन स्कूल, सक्ती में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में

■ सक्ती में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक राम नरेश यादव एवं वेदप्रकाश देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया।

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया और लोकतंत्र के महत्व, उसकी रक्षा तथा वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों पर अपने विचार निबंध के माध्यम से बेहद प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने लेखन के जरिए लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी समझ और जागरूकता का परिचय दिया। संयोजक राम नरेश यादव ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र देश की आत्मा है और इसकी रक्षा करना हम सभी युवाओं एवं नागरिकों का कर्तव्य है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में बौद्धिक विकास के साथ-साथ देशप्रेम और नागरिकता की भावना सुदृढ़ होती है। उन्होंने इस तरह की प्रतियोगिताओं को विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने तथा उन्हें सामाजिक और राष्ट्रीय विषयों पर गंभीरता से विचार करने के लिए प्रेरित करने वाला बताया। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजकों ने घोषणा की कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को आकर्षक नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय एवं विद्यालय के प्राचार्य नितिन सोनी, विजय देवांगन, शिक्षकगण, प्राध्यापक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



निबंध प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं।

## 2500 दीपों की रोशनी से जगमगाया जैन मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

आचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के अवतरण दिवस तथा निर्यापक श्रमण मुनि प्रसाद सागर महाराज के 30वें मुनि दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में अकलतरा जैन मंदिर में 25 एवं

■ भक्ताम्बर का अखंड पाठ कर विश्व शांति की कामना



2500 दीपों की रोशनी कर भक्ताम्बर का अखंड पाठ करते श्रद्धालु ।

26 अक्टूबर को दो दिवसीय गुरु उपकार दिवस महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। मुनि श्री प्रसाद सागर एवं मुनि श्री शीतल सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित महोत्सव में पूजा-अर्चना, पाद प्रक्षालन, धर्मसभा, भक्ताम्बर का अखंड पाठ और प्रसाद वितरण सहित विभिन्न धार्मिक एवं सेवा गतिविधियां संपन्न हुईं।

महोत्सव का प्रमुख आकर्षण 2500 दीपों की रोशनी में भक्ताम्बर का अखंड पाठ रहा, जिसमें श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, सद्भाव और जनकल्याण की मंगल कामना की। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने आचार्य विद्यासागर महाराज की अष्टद्रव्य से विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर उनके प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त की। वहीं, मुनि श्री प्रसाद सागर महाराज के 30वें मुनि दीक्षा दिवस पर पाद प्रक्षालन का कार्यक्रम श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर इंद्र कुमार जैन एवं सुहानी जैन परिवार तथा राजेंद्र जैन, स्वप्निल जैन, रितेश जैन, वंदना जैन एवं रीत जैन के आर.के. ट्रेडर्स परिवार को पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गुरु उपकार दिवस महोत्सव में शाम छह 6 भक्ताम्बर का अखंड पाठ आयोजित किया गया। मुनि श्री प्रसाद सागर महाराज एवं मुनि श्री शीतल सागर महाराज के मंगल सानिध्य में 2500 दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों की दिव्य ज्योति से पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भक्ताम्बर पाठ में सहभागिता करते हुए विश्व शांति, आपसी सद्भाव, सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। मुख्य बेदी पर दीप प्रज्वलन का सौभाग्य नरेंद्र जैन एवं संगीता जैन, जैन समाज के सचिव राजा जैन, रिया जैन, अभिषेक जैन तथा जैन ट्रेडर्स परिवार को प्राप्त हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गुरुजनों के उपकारों का स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। शास्त्री चौक पर प्रसाद वितरण कर दिया सेवा का संदेशआचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर जैन समाज और जैन युवा मंडल की ओर से शास्त्री चौक पर प्रसाद वितरण किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक राहगीरों एवं नगरवासियों को प्रसाद वितरित किया गया। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन एवं उपाध्यक्ष श्रीजीत जैन ने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव में समाज के सदस्यों, जैन युवा मंडल और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

